आलू उत्पादकों हेतु 'राष्ट्रीय अभियान: उर्वरकों का दक्ष एवं संतुलित उपयोग (नैनो उर्वरक सहित) कार्यक्रम का आयोजन

भाकृअनुप-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान क्षेत्रीय केंद्र, मोदीपुरम, मेरठ पर दिनांक 21जून, 2022को 'राष्ट्रीयअभियान: उर्वरकों का दक्ष एवं संतुलित उपयोग (नैनो-उर्वरक सहित)' नामक विषय पर आलू उत्पादकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का ऑफलाइन/ऑनलाइन मोड में आयोजन किया गया। इस आयोजन में उपस्थित किसानों को खेती में लागत कम करने के लिए उर्वरकों के संतुलित उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी गईं। केंद्र के संयुक्त निदेशक डॉ मनोज कुमार ने किसानों को खेती में उर्वरकों के दक्षएवं संतुलित उपयोग की विस्तृत जानकारी दी और किसानों को उर्वरकों के मिट्टी की जांच के बाद ही आवश्यकतानुसार उपयोग करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने नैनो उर्वरकों के बारे में कृषकों को जागरुक किया।डॉ नेम सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने खेती में सिंचाई के आधुनिक पद्धतियों के द्वारा उर्वरकों के उपयोग से अधिक उत्पादन और जल एवं उर्वरकों की बचत के विषय में बताया। उपस्थित किसानों की समस्या के समाधान के लिए डॉ मेही लाल, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने आलू में मिटटी व कंद जनित रोगों से बचाव के विषय में किसानों को जानकारी दी। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ संजय रावल, प्रधान वैज्ञानिक और डॉ पूजा मानकर, वैज्ञानिक थे। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के मेरठ, हापुड़, बागपत, आगरा, बुलंदशहर और शामली जनपदों के 64 किसानों ने भाग लिया।